4. पर्यायवाची या समानार्थी शब्द

जो शब्द आपस में एक-दूसरे के समान अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें पर्यायवाची समानार्थी शब्द कहा जाता है। जैसे– फूल-पुष्प, सुमन, कुसुम, प्रसून आदि।

1. अंधेरा – अंधकार, तम, तिमिर।
2. अमृत – सुधा, पीयूष, सोम, अमी।
3. आँख – नयन, नेत्र, लोचन, चक्षु, दृग।
4. आग – अनल, अग्नि, पावक, वह्नि, हुताशन।

5. आभूषण — अलंकार, गहना, भूषण, विभूषण।

6. आम — आम्र, रसाल, अमृतफल।

7. औरत — नारी, महिला, स्त्री, अबला।

8. इंद्र — सुरेश, महेंद्र, सुरेंद्र, देवेंद्र, देवराज।

9. ईश्वर — प्रभु, परमेश्वर, भगवान, परमात्मा, जगदीश।

10. कपड़ा — वस्त्र, अंबर, चीर, पट, वसन।

11. कमल — नीरज, वारिज, पंकज, अरविंद, सरोज।

12. कृष्ण — घनश्याम, वासुदेव, श्याम, मुरलीधर, कन्हैया।

13. कोयल — कोकिल, पिक, वसंतदूत।

14. गंगा — भागीरथी, देवनदी, सुरसरि, मंदाकिनी।

15. गणेश — गजानन, लंबोदर, गणपति, एकदंत, विनायक।